वर्ष 28 अंक 149
पृष्ठ 20
बरेली, गुरुवार
9 फरवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

## एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में मेधावियों का सम्मान

**जासं, बरेली :** श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दिवंगत श्रीराममूर्ति के 107 वें जन्मदिवस पर श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट महाविद्यालयों का 16वां दीक्षा समारोह मनाया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि सीमेंस प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष हर्ष मेहरोत्रा, एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान शैक्षिक सत्र 2015-16 के बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, एमफार्मा, एमबीए, एमसीए कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को पदक के साथ उपाधि और नगद पुरस्कार राशि दी गई।

चेयरमैन देवमूर्ति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए धैर्य रखें। मेहनत करें, खुद पर भरोसा रखें। लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। जब तक अपनी मंजिल हासिल न कर लें, तब तक मन में कोई दूसरा विचार न आने दें। बोले, टीम वर्क बिना कोई बड़ा लक्ष्य हासिल नहीं होता। इसलिए नेतृत्व करें। फिर समूह का लक्ष्य प्राप्त करने में पूरी शिद्दत से जुट जाएं। रोज नौकरी न बदलने की सोचें। एक संस्था में जमकर काम करें। तरक्की मिलेगी। उन्होंने ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों का जिक्र किया। मुख्य अतिथि हर्ष मेहरोत्रा ने मेधावियों से कहा कि कॉलेज से प्राप्त ज्ञान के साथ आगे बढ़ें। चुनौतियों का सामना करें। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि छात्र संकल्प लेकर पूरे देश का मान बढ़ाने में जुट जाएं। इस दौरान डीन प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने कॉलेजों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



एसआरएमएस के दीक्षा समारोह में छात्रा को उपाधि प्रदान करते एकेटीयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, संस्था के चेयरमैन देवमूर्ति व मुख्य अतिथि • जागरण

**इन्हें मिला पुरस्कार :** बीटेक की टॉपर दीपिका सक्सेना को श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल के साथ 51,000 रुपये का पुरस्कार मिला। बीटेक के सेकेंड टॉपर हिमांशु खत्री को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल के साथ 41,000 रुपये पुरस्कार, जबकि थर्ड टॉपर शिवेंद्र प्रताप सिंह को कांस्य मेडल के साथ 31,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। हिमांशु को ऑल राउंडर के रूप में प्रेम प्रकाश गुप्ता चैरिटेबिल फाउंडेशन का गोल्ड मेडल भी मिला है। बीटेक सीएस ट्रेड की टॉपर दीपिका सक्सेना को सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के टॉपर शिवेंद्र प्रताप सिंह को डॉ. ऊषा मेहरा गोल्ड मेडल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के टॉपर टॉपर सचिन चौहान को पीएन गुप्ता गोल्ड मेडल और 21,000 रुपये का पुरस्कार मिला। सूचना एवं प्रौद्योगिकी ट्रेड की टॉपर शुभि सक्सेना को लक्ष्मी भूषण गोल्ड मेडल व 21,000 रुपये, मैकेनिकल के टॉपर सुमित कुमार शर्मा को डॉ. आशा गुप्ता गोल्ड मेडल और 21,000 रुपये व रितु यादव को विशेष सम्मान मिला है। बीफार्मा की छात्रा अपर्णा गुप्ता को गोल्ड, शिप्रा शर्मा को सिल्वर, आरूषि सक्सेना को कांस्य पदक व पुस्कार राशि मिली है। अर्पित जयसवाल को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का पुरस्कार मिला। एमसीए में प्रीति को स्वर्ण, हिमानी सोहनी को रजत और अंजना को कांस्य पदक, एमबीए में साची अग्रवाल, ममता पाठक, अनुभा खंडेलवाल को पदक व पुरस्कार राशि मिली है। वहीं श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में बीटेक की टॉपर खुशबू गुप्ता को स्वर्ण पदक व 51,000 रुपये सेकेंड टॉपर दर्शिका सक्सेना को रजत पदक व 41,000 रुपये और थर्ड टॉपर प्रीति गंगवार को कांस्य पदक व 31,000 रुपये का पुरस्कार मिला। सूर्या वर्मा को आल राउंडर का पुरस्कार मिला है। बीटेक ईसी ब्रांच में दर्शिका सक्सेना टॉपर और अपर्णा को सेकेंड टॉपर का पुरस्कार मिला। बीटेक में खुशबू गुप्ता, श्रुष्टि शर्मा, मनीषा कनियाल को पदक व पुरस्कार मिला।

### 16वां आयोजन

- बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए बीफार्मा, एमफार्मा के मेधावियों को दिया गया नकद पुरस्कार
- एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों के पहुंचे मेधावी छात्र-छात्राएं
- ट्रस्ट ने 349 मेधावी विद्यार्थियों को दी करीब 1.96 करोड़ की छात्रवृति

### राष्ट्रगान के साथ हुआ समारोह का समापन

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज लखनऊ के बीटेक के टॉपर प्रियांशु अग्रवाल को स्वर्ण पदक व 51,000 रुपये मिले। सेकेंड टॉपर पुष्कर को रजत पदक व 41,000 रुपये और थर्ड टॉपर विवेक यादव को कांस्य पदक व 31,000 रुपये का पुरस्कार मिला। बीटेक में शाश्वत नमन शुक्ला, विवके यादव, जय किशोर बाजपेयी, सजल सरीन को पदक व पुरस्कार राशि दी गई। संचालन डॉ. अंकिता टंडन ने किया। ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। शुभारंभ के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फिर राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## अधूरे मानक पर काट दी जाएंगी 25 फीसद सीटें

**जागरण संवाददाता, बरेली :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) लखनऊ के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने स्पष्ट किया है कि जो इंजीनियरिंग कॉलेज मानक पूरे नहीं करेंगे। उन कॉलेजों में प्रवेश के लिए तय सीट से 25 फीसद सीटों की कटौती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षा समारोह में भाग लेने आए कुलपति ने पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं।

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि एकेटीयू से संबद्ध प्रदेश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र-छात्राओं का डाटा आधार से लिंक होगा। इससे कक्षा में छात्रों की उपस्थिति तक ऑनलाइन दिखेगी। इसके साथ ही यूपीटीयू अब (एकेटीयू) की प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए आधार नंबर अनिवार्य कर दिया गया है। विश्वविद्यालय डिजिटल लॉकर से जुड़ने की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा है। ताकि सभी विद्यार्थियों के शैक्षिक दस्तावेज ऑनलाइन रहें।

गुणवत्ता सुधार के सवाल पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की टॉपर सूची बनाते समय अब आंतरिक अंकों के बजाय मुख्य परीक्षा के अंकों को वरीयता दी जाएगी। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि जो मेधावी छात्र मुख्य परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। वे आंतरिक परीक्षा के अंकों के आधार पर न पिछड़ें।

### डिजिटल मूल्यांकन होगा

एकेटीयू ने डिजिटल इंडिया की तरफ भी कदम बढ़ा दिए हैं। कुलपति ने कहा कि विवि की परीक्षाओं में अब डिजिटल मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।